RNI NO. DELHIN/2013/50275

नई दृष्टिकोण नई सोच

# मैथिली प्रसंग

MAITHILI PRASANG

सोमवार, 06 मई , 2024, वर्ष : 10, अंक : 09, पृष्ठ : 06, मूल्य :1.00 रुपये | नई दिल्ली | दिल्ली | मुम्बई | पटना | चंडीगढ़ | जयपुर | लखनऊ | भोपाल | रांची | देहरादून




## तीसरे चरण की 94 लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार खत्म, इन दिग्गजों की किस्मत दांव पर

विनय कुमार



**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में आगामी 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान के लिए आज यानी 5 मई को शाम 6 बजे चुनाव प्रचार थम गया। अब प्रत्याशी घर-घर जाकर लोगों से वोट की अपील करेंगे। तीसरे चरण में 12 राज्यों के 94 लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़ेंगे। अब तक देश में लोकसभा के पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। इसके बाद 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ। अब 7 मई को तीसरे चरण के मतदान होंगा। इसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवे, 25 मई को छठे, 1 जून को सातवें चरण के मतदान होंना है। वहीं 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी। तीसरे चरण के चुनाव में अमित शाह, शिवराज चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा।

लोकसभा चुनाव चरण 3 में मतदान करने वाले निर्वाचन क्षेत्रों की सूची

असमः धुबरी, कोकराझार, बारपेटा, गौहाटी

बिहारः झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया

छत्तीसगढ़ः सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर

दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव

गोवाः उत्तरी गोवा, दक्षिणी गोवा

गुजरातः कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच, बारडोली , नवसारी, वलसाड

कर्नाटकः चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे, शिमोगा

मध्य प्रदेशः मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़, बैतूल

महाराष्ट्रः बारामती, रायगढ़, धाराशिव, लातूर (एससी), सोलापुर (एससी), माधा, सांगली, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर, हटकनंगले

उत्तर प्रदेशः संभल, हाथरस, आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फि रोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूँ, आंवला, बरेली

पश्चिम बंगालः मालदाहा उत्तर, मालदाहा दक्षिण, जंगीपुर, मुर्शिदाबाद

तीसरे चरण में इन बड़े चेहरों पर रहेगी नजर

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह गुजरात के गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे हैं।

-केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से चुनाव लड़ेंगे।

-बीजेपी ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से मैदान में उतारा है।

-कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह राजगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे

-एनसीपी (सपा) नेता और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले अपनी भाभी सुनेत्रा पवार के खिलाफ बारामती से चुनाव लड़ेंगी, जो महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की पत्नी हैं।

-लोकसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे।

-समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से चुनाव लड़ेंगी।

-केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से चुनाव लड़ेंगे

-उद्योगपति पल्लवी डेम्पो भाजपा के टिकट पर दक्षिण गोवा सीट से चुनाव लड़ेंगी।

-ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल असम के धुबरी से चुनाव लड़ेंगे।

इसके अलावा, भाजपा के बड़े चेहरों में एटा से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह, मैनपुरी से पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह, बरेली से पूर्व राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार, हाथरस से राजस्व राज्य मंत्री अनूप वाल्मीकि व आगरा से केंद्रीय राज्य मंत्री और मौजूदा सांसद एसपी सिंह बघेल शामिल हैं। साथ ही सैफई के यादव परिवार के तीन बड़े चेहरे चुनावी मैदान में हैं। इनमें मैनपुरी से डपल यादव, बदायूं से शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव और फिरोजाबाद से प्रोफेसर राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के ब्रज और रुहेलखंड में 10 सीटों के लिए 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

## चुनाव में गड़बड़ करने वाले लोगों से चुनाव बाद मुक्ति ले लेंगेः नीतीश कुमार

**कल्याणपुर प्रखण्ड के कालाजार मैदान में बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी बिहार सरकार के कई मंत्री समेत एनडीए के कई बड़े नेताओं ने समस्तीपुर लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा कर वोट देने की अपील की।**

**कालाजार मैदान में एनडीए प्रत्याशी श्रीमती शाम्भवी जी को आशीर्वाद देने जुटे हजारों लोग।**

मैथिली प्रसंग ब्यूरो/ अर्णव आर्या




**समस्तीपुर।** कल्याणपुर प्रखण्ड के कालाजार मैदान में एनडीए की ओर से विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जीङ्क बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्री विजय चौधरी जीङ्क श्री अशोक चौधरी जी पूर्व मंत्री मनोज कुशवाहा समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल हुए और समस्तीपुर लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी श्रीमती शाम्भवी जी के पक्ष में जनसभा कर वोट देने की अपील की। सभा की अध्यक्षता जदयू के प्रखण्ड अध्यक्ष श्री राज कुमार सिंह जी जब्कि मंच का संचालन भाजपा के मंडल अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश कुशवाहा जी ने किया।

मंच पर पहुंचते ही मुख्यमंत्री का तालियों के साथ उपस्थित जनसैलाब ने स्वागत और अभिनंदन किया। बिहार सरकार के मंत्री श्री अशोक चौधरी जी और एनडीए प्रत्याशी श्रीमती शाम्भवी जी ने मंच पर बैठे एनडीए के सभी नेताओं को पाग और गमछा देकर स्वागत व सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के संबोधन से पूर्व एनडीए प्रत्याशी के अग्रिम विजय हेतु फूल और मखानो से बने माला को एनडीए नेताओं ने मुख्यमंत्री को पहनाया और समस्तीपुर की बेटी शाम्भवी को जीताने की अपील की।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने कहा 2005 के बाद से बिहार के लोगों ने हमे मौका दिया तो हम लगातार विकास के काम कर रहे हैं। समस्तीपुर से तो पुराना संबंध हैं। हाल ही हमने श्री राम जानकी मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया जिससे जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल रहा हैं। कल्याणपुर से ताजपुर तक पुल का निर्माण कराया जा रहा है ताकि यहां से लोगों को पटना और दक्षिण बिहार जाना आसान हो जाएगा। 2005 से पहले लोग घर से बाहर भी नही निकलते थे लेकिन आज क्या माहौल है आप सब देख रहे है। हमसे पहले जिन लोगो को जनता ने सेवा करने का मौका दिया वो सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचते है और उसी को आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं। हमारे लिए पूरा बिहार ही परिवार हैं। एनडीए प्रत्याशी श्रीमती शाम्भवी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कल जिस तरह से दरभंगा की रैली में एक बड़े मंच से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने एक दलित महिला को अपना बेटी कहा वो पूरे समस्तीपुर की जनता के लिए गर्वान्वित करने वाला हैं। समस्तीपुर के विकास के लिए मैं दिन-रात मेहनता करूंगी। मुख्यमंत्री का आशीर्वाद भी आज हमे मिल गया हैं डबल इंजन सरकार में विकास की गंगा बहेगी। एनडीए सरकार ने जिस तरह से महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया है वो हमारे मुख्यमंत्री के दूरदृष्टि सोच को दशार्ता हैं। मुख्यमंत्री साईकिल योजना को विश्व स्तर पर सराहा गया। विपक्ष के लोगों से इतना ही कहूंगी कि अगर आप एक बेटी के आगे बढ़ने से रोकना चाहते है तो आप कायर हैं। सभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद श्री रामनाथ ठाकुर जी ने कहा कि हमारे नेता श्री नीतीश कुमार जी कई वर्षों से मेरे पिता श्रद्धेय कपूर्री ठाकुर जी के लिए भारत रत्न देने की मांग करते रहे हैं जिसके बाद वर्तमान की केंद्र की एनडीए सरकार ने 23 जनवरी को 2024 को उसे पूरा किया इसके लिए हम सभी 14 करोड़ बिहार वासियों के तरफ से प्रधानमंत्री जी को बधाई देता हूँ।

बिहार सरकार के मंत्री श्री विजय चौधरी जी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिलावासी और पड़ोसी होने के नाते बेटी शाम्भवी को चुनाव जीताने के लिए अर्जी लगाने आया हूँ। जिस बेटी को जनसेवा करने का सेवाभाव उसके दादा जी और पिता जी से मिला हो उस बेटी को समस्तीपुर की जनता अवश्य मौका देगी। समस्तीपुर के लोगों का अनुभव हैं कि बेटा से ज्यादा बेटी अच्छे से जनता की सेवा करती हैं। जनसभा को पूर्व सांसद अश्वमेध देवी जी पूर्व मंत्री मनोज कुशवाहा जी एमएलसी तरूण चौधरी जी पूर्व विधायक दिलीप चौधरी जी मंजू देवी जी विश्वनाथ पासवान जी मनीष कुमार जी मंत्री महेश्वर हजारी के भाई राजेश्वर हजारी जी छोटू सिंह जी अशोक कुमार पप्पू जी विजय शर्मा जी जदयू नेता अनिल सिंह जी केशरी मेहता जी भरत भूषण जी आदि लोगों ने संबोधित किया।

## मुनि श्री निरीहसागर जी ने सुनाएं कुछ प्रसंग

के.डी. जैन



**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, कुंडलपुर दमोह ।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से मुनिश्री निरीह सागर जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कल शाम को आचार्य भक्ति के बाद आचार्य श्री ने मुझे बुलाया एक ब्रह्मचारी के माध्यम से और कहा कल आपको प्रवचन करना है हमने कहा हमसे बड़े-बड़े महाराज जी हैं उन्होंने कहा सब कर चुके हैं आपको करना है ।कुछ प्रसंग ऐसे होते हैं जो सामान्य लोगों ने कभी नहीं सुने लेकिन जो ऊपर मंच पर बैठे हुए हैं उनके सुने हुए हैं वही बात यहां से सुनेंगे तो उनको कैसा लगेगा। ठीक है सन 1983 की बात है आचार्य श्री का चातुर्मास ईसरी शिखरजी की तलहटी में हो रहा था ।वहां पर उन्होंने जो प्रवचन में कहा हमने किसी साधक के मुंह से ही प्रवचन में सुना था वह आपके सामने रख रहा हूं। उन्होंने प्रवचन में कहा कि छोटा बच्चा जो होता है उसकी मां दूध पिलाती वह मचलता बहुत है कटोरी में दूध रखा है चम्मच है मां ने गोदी में लिटाया वह हाथ पैर हिला रहा है मुंह भी इधर-उधर कर रहा है दूध पीना नहीं चाहता लेकिन मां समझदार है बच्चा भूखा है उसको दूध पिलाना है जबरदस्ती पिलाना है यदि नहीं पिलाया तो काम नहीं करने देगा बीच में रोएगा। दूध पिलाती है और उसके हाथ पैर छोटे-छोटे होते चलाता रहता है पूरे समय गर्दन भी इधर-उधर होती है तो मां युक्ति से उसके हाथ पैर को अपने पैरों से दवा लेती है और मुंह को पकड़ लेती नाक दबा देती उसके मुंह में चम्मच से दूध भर देती है नाक तब तक दबाए रहती जब तक वह गटक नहीं लेता ।ऐसे जबरदस्ती करके दूध पिलाती जाती है दो-तीन कटोरी दूध वह पी लेता है ।शरारती बच्चा था जबरदस्ती पिलाया ज्यादा ही शरारती था तब बाद में दही बनाकर निकाल देता है ।कुछ ऐसे बच्चे भी होते हैं जो दही बनाकर निकाल देते ।आचार्य जी ने कहा मां जबरदस्ती दूध पिलाती है कि वह काम करने नहीं देगा बाद में रोएगा इस तरह मैं भी आपको प्रवचन जबरदस्ती पिला रहा हूं आप पीना नहीं चाहते आपको पिला रहा हूं बाद में आप कहेंगे अपनी समस्या रखेंगे इसलिए पहले ही सुना रहा हूं। मैंने आचार्य श्री के मुख से साक्षात तो नहीं सुना किसी साधु के मुख से सुना था जितना ग्रहण कर पाए आपके सामने रख दिया ।ऐसा ही एक प्रसंग 2011 का है उसमें मुनि प्रसाद सागर जी का ज्यादा है आप उन्हें जानते हैं सब कुछ जल्दी-जल्दी कार्य होना चाहिए धीरे कोई काम नहीं होना चाहिए वैसे ही कुछ हुआ। आपको नहीं पता होगा प्रसंग वहां पर हम लोग विहार कर रहे थे दक्षिण यात्रा में गए थे ब्रह्मचारी अवस्था में थे। आचार्य श्री राजनांदगांव में थे । हम लोगों की बस दुर्ग से राजनांदगांव पहुंची। वहां 36 ब्रह्मचारी हम लोग पहुंचे आचार्य श्री छत्तीसगढ़ में विराजमान थे 36 मूलगुण के धारी आचार्य श्री के पास ।उनमें से 18 की मुनि दीक्षा हो चुकी है कुछ क्षुल्लक बन चुके हैं कुछ ब्रह्मचारी हैं ।श्रवणवेलगोल पहुंचे हम लोगों ने भट्टारक जी से अनुमति चाही रात के समय वहां 7--8 बजे अनुमति नहीं थी उनके पास पहुंचे वहां दो आर्यिका माता बैठी थी कुछ तत्व चर्चा चल रही थी हम लोग जाकर बैठ गए उनकी चर्चा समाप्त हुई आर्यिका माता उठकर चली गई हम लोगों ने अपनी चर्चा की अनुमति उनसे ली 1 घंटे हमारी बात हुई। हम लोग दर्शन करने के लिए उन आर्यिका माता के पास जहां रुकी थी दर्शन करने सभी जगह जाते थे वहां पूछते पूछते पहुंच गए हम लोगों ने आर्यिका माता के दर्शन किए उन्होंने गवाशन मुद्रा में नमोस्तु किया। हम लोग 36 ब्रह्मचारी थे आसपास कोई मुनि नहीं नमोस्तु किसे किया। उन्होंने पूछा आचार्य श्री का स्वास्थ्य कैसा है ।हम लोग सोचने लगे इन्हें कैसे मालूम हुआ हम आचार्य संघ के हैं उन्होंने कहा ऐसे युवा हीरे उन्हीं के संघ में हो सकते हैं ।आचार्य श्री का प्रभाव भी ऐसा था। अब 2018 का प्रसंग आता है डिंडोरी में आचार्य श्री थे महावीर जयंती के दूसरे दिन पपोरा जी के लिए विहार हुआ ।महावीर जयंती के समय और बाद में कितनी गर्मी होती है हमने विहार में कुछ व्यवस्थाएं की महाराज जी के आशीर्वाद से की ।वैसे हमें कुछ आता नहीं है प्रवचन नहीं आता हम कुछ प्रसंग सुना रहे हैं पुराने महाराज थे ब्रह्मचारी थे जबलपुर का विहार हो रहा था दुर्लभ सागर महाराज ने कहा आपको यह काम करना है पहले से वह स्थान देखना है जहां आचार्य श्री को रोकना है ठंड है तो ठंड के अनुकूल गर्मी है तो गर्मी के हिसाब से व्यवस्था करनी है। हमने वैयावृती कैसी करनी है तेल घी तो सभी करते हैं हमने कहा जो वैयावृती कोई नहीं करता वह हम करेंगे और हम जहां रुकना है आधे पौन घंटे पहले पहुंच जाते थे जहां आचार्य श्री को रोकना है वहां व्यवस्था ठंड गर्मी के हिसाब से देख लेते थे। सभी महाराज के पाटे लगवा देते थे ।विद्यालय में ही रुकना होता था वहां आहार होते थे बहुत बड़ा प्रांगण था किनारे किनारे कक्ष बने हुए थे। एक चौके वाले भाई आए और कहा हमें आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन करना है ।हमने उन्हें कहा इस चबूतरे पर जल कोपर रख दो। सभी चौके वाले किनारे बैठ गए। आचार्य श्री आ रहे थे मुनि लोग आ रहे थे संकेत कर दिया यहां आना है ।कोई पैर छूना नहीं मैंने कह दिया ।आचार्य श्री ने दोनों पैर कोपर में डाल दिए आचार्य श्री के आदेश से सभी ने उनके पैर धुलाये उन लोगों का पुण्य था उन्हें पाद प्रक्षालन का अवसर मिल गया।




# परशुराम जयंती को लेकर पुरोहित पुजारी संघ की बैठक

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)।** परशुराम जयंती को लेकर पुरोहित पुजारी संघ की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित विप्र जनों ने कार्यक्रम की तैयारियो के बारे में चर्चा की। बैठक में उपस्थित सभी का आभार प्रकट करते हुए पुरोहित पुजारी संघ अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शास्त्री ने कहा कि आशा करता हूं की इसी प्रकार परशुराम जन्मोत्सव के दिन आप सभी विप्र जन सह परिवार भगवान परशुराम की शोभा यात्रा में पधार कर ब्राह्मणों की एकता की शोभा को बढ़ाएंगे । बैठक में विप्र जनों ने अपने अपने विचार रखे।



# बनहट में रेलवे लाईन पर व्यक्ती का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)।** ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बनहट गांव के पास रेलवे लाईन पर एक व्यक्ती की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार राजीव पिता अशोक कुर्मी उम्र करीब 32 साल निवासी बनहट का शव रेलवे लाईन पर मिला। जानकारी मिलते ही परिजन अन्य ग्रामीणों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल खुरई भेजा। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह रेलवे में शंकर कॉन्ट्रेक्शन नमक कंपनी में वह जेसीबी मशीन चलाता था। उसकी करीब एक साल पहले शादी हुईं थीं। मृतक ने यह कदम क्यों उठाया यह अभी अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

# पुजारी पुरोहित संघ के बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)।** विधानसभा क्षेत्र के पुजारी पुरोहित संघ के बैठक संपन्न हुई, जिसमे संघ की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। उपस्थित पुजारी पुरोहित संघ जिला अध्यक्ष प्रसाद तिवारी, युवा अध्यक्ष भरत तिवारी ,विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष अजय दुबे , शिवसेना प्रमुख पप्पू तिवारी तत्वाधान में खुरई कार्यकारिणी की घोषणा हुई। जिसमें पूर्व पुजारी संघ अध्यक्ष मनोहर पांडे को जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव पद पर नियुक्त किया । वर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र पटेरिया के अनुशंसा पर पंडित बृजेश मिश्रा उपाध्यक्ष पद पर, संरक्षक हरिशंकर शास्त्री प्रेम नारायण पस्तोर शालक राम धनोरा निर्मल मिश्रा सचिव पद पर कैलाश लिटोरिया मंत्री पद पर रविंन्द पांडे सुनील तिवारी एवं अन्य पदों पर दिशाक तिवारी कलश द्विवेदी प्रशांत मिश्रा शरद्र रिछारिया नियुक्त हुए। इस अवसर पर शहर के सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेश मिश्रा ,पूर्व अध्यक्ष मनोज दुबे ,युवा अध्यक्ष मनोज चौबे प्रमोद नायक, सीईओ पटेरिया सहित शहर के विप्र समाज उपस्थित हुए ।

# विभिन्न गांवों में तूफानी जनसंपर्क में जुड़े बीजेपी के दिग्गज नेता अजय रंजन

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, गिरिडीह (अभिषेक बर्नवाल)।** कोडरमा लोकसभा अंतर्गत धनवार प्रखंड के विभिन्न गांवों में तूफानी जनसंपर्क में जुड़े बीजेपी के दिग्गज नेता अजय रंजन । इन्होंने पिछले 10 वर्षों के मोदी सरकार के उपलब्धि के आधार पर अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में जनता जनार्दन से वोट देने का अपील किया और 400 पार के साथ साथ 10 लाख पार करने के लिए भी मतदातावों से अपील किया ।




# सीसीएल में नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से सात लाख की ठगी

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, गिरिडीह (अभिषेक बर्नवाल)।** सीसीएल में नौकरी दिलाने के नाम पर सात लाख रु की ठगी का एक मामला सामने आया है। मामले को ले प्रखंड के मरगोडीह गांव के भुक्तभोगी राजमिस्त्री शंकर मंडल ने एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोपी रांची के मांडर थाना क्षेत्र का बताया जाता है। गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा को दिये आवेदन के अनुसार भुक्तभोगी राजमिस्त्री शंकर मंडल अपने पुत्र कैलाश मंडल एवं अन्य के साथ गिरिडीह के झगरी में वासुदेव राम की पुत्री रेखा देवी का घर बनाने के काम में शामिल था। इसी दौरान रेखा देवी के घर आने-जाने वाले रांची के मांडर थानांतर्गत ब्रांबे निवासी कमलेश गुप्ता ने शंकर मंडल के पुत्र को सीसीएल में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। कमलेश गुप्ता ने बताया कि वह सीसीएल में फील्ड आफिसर है। कमलेश और रेखा देवी के आश्वासन एवं विश्वास पर पुत्र को नौकरी के प्रलोभन पर शंकर मंडल ने कमलेश गुप्ता को कर्ज. लेकर सात लाख रु दे दिया। इस दौरान कमलेश ने मरगोडीह के शंकर मंडल, शंकर मंडल के पुत्र एवं पत्नी का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो, आधार कार्ड एवं पुत्र के सर्टिफिकेट की कॉपी ले ली। नौकरी दिलाने के नाम पर सात लाख रु लेने के कुछ दिनों बाद कमलेश गिरिडीह में किराये के मकान को छोड़कर भाग गया। और उसने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया। शंकर मंडल ने घटना को लेकर गिरिडीह मुफ्फसिल थाने में आवेदन दिया, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच उसे पता चला कि नौकरी दिलाने के नाम पर कमलेश गुप्ता ने कई लोगों से ठगी की है। इसके बाद पीड़ित ने गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा को आवेदन देकर नौकरी दिलाने के नाम पर सात लाख रु की ठगी करने वाले के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।



# गिरिडीह में एक और प्रत्याशी गिरफ्तार

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, गिरिडीह (अभिषेक बर्नवाल)।** लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड के गिरिडीह में एक और प्रत्याशी को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये गिरफ्तारी रविवार सुबह बरगंडा आरके महिला कॉलेज रोड के पास स्थित आवास पर अधिवक्ता अवधेश कुमाए सिंह की हुई है, जो कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। उसी सीट से कल्पना सोरेन भी इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार है। जबकि भाजपा की तरफ से दिलीप वर्मा मैदान पर हैं। ज्ञात हो कि कल रांची लोकसभा सीट से जेबीकेएसएस के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो भी गिरफ्तार कर लिये गये थे। जानकारी के मुताबिक अधिवक्ता अवधेश कुमाए सिंह के खिलाफ बेंगाबाद थाना घेराव मामले को लेकर प्राथमिक की दर्ज की गई थी। इसी मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है। फिलहाल पुलिस अवधेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर अपने साथ थाना ले गई है। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीपीओ विनोद रवानी, बेंगाबाद अंचल की इंस्पेक्टर ममता कुमारी, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे। बता दें कि गांडेय सीट पर उपचुनाव 20 मई को होना है।



# सलसलाई नगर सहित क्षेत्र में बार-बार बिजली कटौती से नगर में मचा हाहाकार जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**दो ट्रांसफॉर्म जले पड़े उनकी 10% बकाया राशि भी नहीं वसूल कर पा रहा विद्युत विभाग**

**विद्युत बिल जमा होने के बाद भी रात में अंधेरे व गर्मी से हो रहे परेशान**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** दो विद्युत ट्रांसफार्मर करीब दो महा से अधिक समय से जले पड़े हुए हैं जहां सरकार के नियम अनुसार 10% राशि जमा होने के बाद ट्रांसफर बदलने जाने थे पर विद्युत विभाग के जिम्मेदारों को 10% बकाया राशि भी उन ट्रांसफॉर्म के उपभोक्ताओं से वसूल नहीं कर पा रहे जहां इस कारण प्रति महा जमा करने वाले उपभोक्ता रात में अंधेरे में तो दिन में गर्मी के मारे हाल-चाल है जहां दूसरे ट्रांसफॉर्म से विद्युत सप्लाई चालू की पर जिम्मेदारों ने वहां से पहुंच कर जमा करने वाले प्रतिमा उपभोक्ता के विद्युत तार उतार दिए जहां रात भर अंदर के साथ दिनभर छोटे बच्चे और बड़े बुजुर्ग 42% इस भीषण गर्मी में परेशान पर विलाप थे रहे जहां जिम्मेदार उक्त 10% राशि जमा भी नहीं कर पाया ना ही जमा करने वाले उपभोक्ता को विद्युत दे पाए आखिर क्यों। सलसलाई नगर के आरा मशीन के सामने वाले ट्रांसफर फॉर्म वही हरिजन मोहल्ला के ट्रांसफर फॉर्म करें कई वाहन से चल पड़े हैं जहां वहां के उपभोक्ताओं ने दूसरा ट्रांसफॉर्म से अपने घर रोशन कर रखें जैसे ही दो दिन पूर्व समाचार अखबार में समाचार प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों ने मकड़ जाल बन विद्युत विभाग के खंबे पर पहुंचकर उनके तार कार्ड दिए जहां प्रति वहां जमा करने वाले उपभोक्ताओं के भी सप्लाई बंद होने से काफी रोज उनमें देखा गया जहां रात भर परेशानी का सामना करना पड़ा वहीं जिन उपभोक्ताओं पर हजारों रुपए बकाया उनसे वसूली तो विद्युत विभाग कम नहीं पा रहा पर जो विभाग को जमा कर रहे वहां भी उक्त इन लोगों की लापरवाही के कारण अंधेरे में भीषण गर्मी में कर मचाकर परेशान हो रहे।

**इनका कहना है**

10% राशि दोनों ट्रांसफॉर्म की जमा होने के बाद उन्हें बदल दे जाएगा वहीं कुछ राशि तो आ गई है पूरी 10% होने के बाद दोनों ट्रांसफर फॉर्म को बदल दिया जाएगा वहीं जहां भी विद्युत पोल पर अधिक डोरी लगी है उन्हें कनेक्शन के हिसाब से देखकर फालतू तार को हटा दिया जाएगा

**मनोज मालवीय कनिष्ठ यंत्री सलसलाई**

# भगवान देवनारायण की कथा के साथ होगी प्राण प्रतिष्ठा निकली शोभायात्रा

**शोभायात्रा में घोड़े का नृत्य जिसने भी देखा वह देखते ही रह गया**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे कॉलोनी में भगवान देवनारायण जी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ कथा का आयोजन का रविवार को शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे कॉलोनी में भगवान देवनारायण जी की प्रमाण प्रतिष्ठमा कथा का आयोजन होना है जहां इसको लेकर रविवार को भगवान देवनारायण को पालकी में विराजमान के साथ रथ में लेकर नगर में बैंड बाजे के साथ नृत्य करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई जहां उक्त शोभा यात्रा में घोड़ी के द्वारा तरह-तरह से ऐतिहासिक नृत्य किया गया जहां जिसने देखा वहां देखते ही रह गया वही रविवार से हो रही रात्रि 8 से 11:00 बजे तक कथा में कथावाचक गोपीलाल भट्ट के द्वारा उक्त कथा का भगवान देवनारायण जी का पाठ किया जाएगा जहां भगवान देवनारायण के पंडा हेमराज सिंह द्वारा भगवान देवनारायण की अपने स्थान से ध्वज की पूजन के साथ भगवान देवनारायण की मूर्ति को रथ में सवार होकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया जो बस स्टैंड महाराणा प्रताप चौराहा श्री राम मंदिर होते हुए भगवान देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव स्थल पहुंची जहां भगवान देवनारायण की विराजमान किए गए उक्त कथा 5 में से 9 में को आयोजित होगी वहां अंतिम दिन 10 में को पूर्ण होती के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा उक्त शोभायात्रा में कई श्रद्धालुओं सम्मिलित होकर धर्म का लाभ लिया।



# युवा मोर्चा ने तीन शक्ति केंद्र पर की ग्राम चौपाल का आयोजन

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर शक्ति केंद्र पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें गुलाना मंडल के तीन शक्ति केंद्र पर उक्त चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम चितावद ग्राम मगलाज ग्राम खामखेडा मैं उक्त ग्राम चौपाल का आयोजन कर युवाओं को अधिक से अधिक मतदान करने को लेकर प्रेरित किया गया जहां कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल महामंत्री महेंद्र गोवा के द्वारा युवाओं को मतदान सहित राष्ट्रीय में मतदान को लेकर राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन पहुंचने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए मोदी की गारंटी में जीतने वाले की है वहां पूरे सहित कई योजनाओं के बारे में बताया गया वहीं श्री राम मंदिर 370 धारा सहित युवाओं को उनके बारे में भी अवगत कराया गया जहां कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा भूपेंद्र पाटीदार मंडल महामंत्री युवा मोर्चा भोजराज मेवाड़ा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष संजय परमार अनमोल शर्मा कार्यालय मंत्री देव जी मीडिया प्रभारी संतोष राठौड़ शाहित युवा मोर्चा कहीं पदाधिकारी मौजूद थे।



# मनोज मेवाडा लकी राजपूत का जन्मदिन मनाया

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** नगर सलसलाई के सामाजिक कार्यकर्ता युवा नेता मनोज राजपूत एवं मुकेश डेरी के सुपुत्र युवा ऊपर से जय बाबा री समिति के कार्यकर्ता लकी मेवाड़ा का जन्मदिन नगर के महाराणा प्रताप चौराहे पर बड़ा धूमधाम के साथ बड़ी आतिशबाजी कर मनाया गया जहां इस दौरान सर्वप्रथम भागवत दुपट्टा पहन कर आतिशबाजी की गई वहीं उसके पश्चात किए कटकर एक दूसरे को जन्मदिन की बधाई दी गई जहां इस अवसर पर पत्रकार आनंद मेवाड़ा जनपद सदस्य अचल मेवाड़ा राकेश मेवाड़ा रोहित चिंगारी गब्बर पंडित जी सोनू कचरिया महेंद्र मुकेश गब्बर अशोक सहित कई युवा मौजूद थे।



# नरवाई से भूसा बनाने आज 6 मई से आयोजित प्रशिक्षण में किसान भाई शामिल हो-कलेक्टर श्री कोचर

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने किसान भाईयों से कहा है नरवाई न जलाने को प्रोत्साहित करने के लिये आज 06 मई से विशेष शिविर अलग-अलग जगहों पर आयोजित कर रहे है। उन्होंने कहा नरवाई या पराली से भूसा कैसे बनाया जा जाता है और उसका लाभकारी उपयोगा कैसे लिया जाता है, इसके लिये हमारे कृषि वैज्ञानिक गांव में जाकर ट्रेनिंग देंगे और वहीं उसका प्रदर्शन भी किया जायेगा। उन्होंने किसान भाईयों से आग्रह करते हुये कहा है कि अधिक से अधिक इसका लाभ लें, हम सोशल मीडिया पर और सब माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर रहे है, कि कहां-कहां पर प्रशिक्षण है और डिमोंसट्रेशन है, तो आप सब इसमें आये और अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इससे पराली या नरवाई को जलाने को हतोत्साहन तो मिलेगा ही मिलेगा, किसानों को लाभ भी बहुत बड़ी मात्रा में मिलेगा।

# तीन करोड़ की लागत से गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण पर लोक निर्माण विभाग मेहरवान

## बर्धा-खड़पुरा सड़क निर्माण का मामला





**इनका कहना है**

मै निमार्णाधीन हो रही सड़क का निरीक्षण कर उपयंत्री से जांच कराता हूं यदि मापदंड के अनुसार कार्य नहीं किया गया है तो संबधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

**आईडी पाठक-एसडीओ पीडब्लूडी हटा।**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, हटा/दमोह (जगदीश विश्वकर्मा)।**

हटा-अनुविभाग के बर्धा मुख्य मार्ग से खड़पुरा तक तीन किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य राज्य सड़क निधि योजना अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा तीन करोड़ की लागत से कराया जा रहा है जिसमें जिम्मेदार विभाग की मिलीभगत से इस सड़क निर्माण कार्य का घटिया निर्माण हो गया और कुछ हिस्सा ही निर्माण के लिए शेष रह गया है जिसमें देखा जा रहा है कि मानक विहीन कार्य इस सड़क निर्माण का ठेकेदार द्वारा कराया गया। जिससे साफ तौर पर सामनें यह आ रहा है कि जिस मापदंड के अनुरूप सड़क का निर्माण कार्य होना था वह तो नहीं हो सका लेकिन ठेकेदार द्वारा मानक को ताक पर रखते हुए सड़क निर्माण में नियम के अनुरूप न तो गिट्टी डाली गई न रोलर चलाया गया और जो मिट्टी सड़क पर डाली गई थी वह भी सड़क किनारे खेतो से अबैध उत्खनन कर तीन किलोमीटर की सड़क पर उपयोग किया गया।

**अबैध उत्खनन कर करोड़ो की लागत वाली सड़क पर बिछाई मिट्टी।**

देखा जाए तो बर्धा मुख्य मार्ग से खड़पुरा तक का सडक निर्माण कार्य जो स्वीकृत किया गया था वह काफी अरसे के बाद ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए जिम्मेदार जनप्रतिनिधियो नें इस मार्ग पर सडक बनानें के लिए प्रयास किया था और वह हुआ भी जिसमें शासन द्वारा तीन करोड़ की लागत राषि से सड़क का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था लेकिन जो शासन के मापदंड बनाए गये है निर्माण कार्य पर वह इस सड़क मार्ग पर कहीं देखनें को नहीं मिल रहा।

बल्कि ठेकेदार नन्न कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराए जा रहे इस सड़क निर्माण कार्य में जगह-जगह अपनी पोकलेन व जेसीबी मशीनों से अबैध उत्खनन कर तीन किलोमीटर की सड़क पर जो डम्फरों से मिट्टी डाली गई थी उस पर खनिज विभाग की नजर नहीं पंहुची और जमकर उत्खनन कर जो मिट्टी सड़क पर डाली गई उसके लाखों के बिल भी ठेकेदार द्वारा भुना लिए जाएगें लेकिन जो निर्माण कार्य सड़क का हुआ है वह मापदंड के अनुरूप नहीं है साथ ही सड़क के साइड सोल्डर भी मुरम की जगह मिट्टी से भर दिए गये जो आनें वाले बारिस के मौसम में घटिया निर्माण की पोल खोल देगें।

**पुलियो के निर्माण कार्य में सफेद डस्ट का उपयोग।**

इस तीन किलोमीटर की सड़क पर चार पुलियो का निर्माण भी किया गया है जिसमें सफेद डस्ट का जमकर उपयोग निमार्णाधीन ठेकेदार द्वारा कराया गया इतना ही नहीं जो पुलियो का निर्माण कराया गया है उसकी हकीकत छुपानें के लिए उसके आस-पास पतली गिट्टी डामर की परत भी बिछाई गई है जिससे देखनें में सड़क निर्माण कार्य मापदंड के अनुरूप दिखनें लगे।गांव-गांव तक सड़क पंहुचाने के उद्वेष्य से सरकार भले ही सड़क योजना चलाए लेकिन जिम्मेदारो के कर्तव्यो के प्रति लापरवाही और भ्रष्ट्राचार की इबादत की आदत के कारण करोड़ो की लागत राषि से निमार्णाधीन सड़क पर पलीता लगता नजर आ रहा है जिसकी वानगी मुख्य मार्ग से खड़पुरा तक बनाई गई सड़क में देखने को मिली।

# पुरातत्व संग्रहालय देखने जरूर आए-कलेक्टर श्री कोचर

**कलेक्टर ने पुरातत्व संग्रहालय का लिया जायजा**

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने कहा यह बहुत ही व्यवस्थित तरीके से बनाया गया है, इसको संरक्षित भी बहुत अच्छे तरीके से किया जा रहा है। यहां का वातावरण भी बहुत अच्छा है, यहां की सारी प्रतिमाओं का भी अवलोकन किया है और इस पुरातत्व संग्रहालय को कैसे और जनप्रिय बनाया जाए इसके लिए हम काम कर रहे हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी से आग्रह करते हुए कहा दमोह में यह बहुत ही अच्छा पुरातत्व संग्रहालय बना हुआ है, यहां पर जिले की पुरा संपदाओं का संरक्षण है और कई प्रतिमाएं तो बहुत ही प्रागैतिहासिक और ऐतिहासिक महत्व की है। उन्होंने कहा आप सभी छुट्टियों के दिन पार्क जाते हैं, मॉल जाते है, पर्यटन स्थल भी जाते हैं पुरातत्व संग्रहालय भी देखने के लिए आए और आगे की पीढ़ी को जो छोटे बच्चे हैं, युवा है उनको तो जरूर आना चाहिए, ताकि उनको प्राचीन भारत की गौरव गाथा का परिचय यहां से मिलता है और यहां पर विजिट के लिए बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की गई है, यहां का वातावरण बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा मुझे लगता है आपकी विजिट निश्चित रूप से बहुत ही सुखदायक और सार्थक होगी।



# हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में सी.एच.ओ. अपने निर्धारित समय प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे-कलेक्टर श्री कोचर



**मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)।** कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में हिण्डोरिया और पथरिया क्षेत्र के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुद्दण के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीन बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा गई, जिसके संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जितने भी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर है, उनमें सीएचओ अपने निर्धारित समय प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्रतिदिन उपस्थित रहेंगे। मंगलवार और शुक्रवार को वे विलेज ड्यूटी पर संलग्न रहेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जो मरीज वहां पर आते हैं, उनका समयबद्ध उपचार और यदि इस लेवल पर उपचार संभव न हो तो ऐसी स्थिति में उनकी टेली मेडिसिन के माध्यम से उनको चिकित्सकीय परामर्श दिलवाना, दवाईयां दिलवाना और तीसरा बिंदु मातृ-शिशु मृत्यु दर पर काम करना, यह तीन बेसिक उद्देश्य कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित स्वास्थ अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा इस पर सघन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने जा रहे है। सभी सीएचओ ने आश्वस्त किया है कि वे एक टीम के रूप में बेहतर काम करेंगे। कलेक्टर ने कहा मुझे लगता है कि हम जल्द ही जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को बहुत बेहतर बनाने की स्थिति में होंगे। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पथरिया तथा दमोह क्षेत्र के सी.बी.एम.ओ. एवं सी.एच.ओ. उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्री कोचर ने निमार्णाधीन जागेश्वरनाथ बस टर्मिनल का लिया जायजा

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।** कलेक्ट्रर सुधीर कुमार कोचर ने आज प्रातः दमोह में जागेश्वरनाथ बस स्टेशन जो नया बन रहा है, उस बस टर्मिनल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि यह कार्य तय समय सीमा में पूरा हो और कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने यहां पर निर्माण स्थल पर बसों के आवागमन, पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेकर कार्यकारी ऐजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यहां से कलेक्टर श्री कोचर बरपटी में मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण का जायजा लेते हुये कहा कि जो काम चल रहे हैं, वह समय सीमा के अनुसार पूर्ण हो। उन्होंने कार्यकारी एजेंसी से कहा कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में हो सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि हर सप्ताह मेडिकल कॉलेज की साइट की विजिट करेंगे और पीआईयू के अधिकारी उनके साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा लगातार इसकी हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी, ताकि निर्माण कार्य समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो सके। मेडीकल कॉलेज और सीएम राइज स्कूल निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण कर दिए निर्देश। इसी क्रम में कलेक्टर श्री कोचर ने दमोह में बन रहे सीएम राइज स्कूल निर्माणधीन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कार्य की जानकारी लेते हुये कार्यकारी ऐजेन्सी से कहा कि समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा चल रहे कार्य का चार्ट बनाया जाए और हर 15 दिन में उनके द्वारा समीक्षा की जाएगी। साथ ही कलेक्टर ने सभी संबंधित प्राचार्य को निर्देशित किया कि वह हर सात दिन में दो बार निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण करेंगे, यदि कोई भी चीज उसमें कमी होती है तो वह उनके संज्ञान में लायेंगे।



# गर्मी के मौसम में फूड पॉयजनिंग से बचे फूड पॉयजनिंग से बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाईजरी जारी

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया गर्मी के मौसम में शरीर की पाचन क्षमता कमजोर हो जाती है। खाने-पीने की चीजे भी जल्दी खराब हो जाती है। गलत खान-पान और सफाई के अभाव में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में गर्मी के मौसम में फूड पॉयजनिंग होना आम है। उन्होंने बताया फूड पॉयजनिंग होने पर पेट में दर्द, उल्टी और मितली जैसी समस्या होती है। कई बार दस्त भी शुरू हो जाते है। ऐसे में खानपान जैसी कुछ बातों का ख्याल बेहद अहम है। सीएमएचओ डॉ. बेक ने गर्मी के मौसम में फूड पॉयजनिंग से बचाव के संबंध में एडवाईजरी जारी करते हुए बताया कि फूड पॉयजनिंग होने पर उपचार के लिए चिकित्सक से संम्पर्क करें। ध्यान रखे की मरीज के शरीर मे पानी की कमी न हो। ज्यादा से ज्यादा पानी पिये। पतली खिचड़ी, चावल का माड़ँ, नारियल का पानी इस्तेमाल में लायें। उन्होंने बताया कि फूड पॉयजनिंग से बचाव के लिए जरूरी है कि गर्मी के मौसम में खान-पान और साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें। रखे हुए भोजन का सेवन 04 से 06 घण्टे के अंदर कर लें।

# आत्मा योजनांतर्गत विकासखण्डवार किसानों को प्रशिक्षण एवं नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम के आयोजन के तहत इमलिया घाट में प्रशिक्षण शिविर आज

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)।** कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने जिले में नरवाई से आग लगाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा कृषकों को जागरूक किये जाने के उद्देश्य से आत्मा योजनांतर्गत विकासखण्डवार कृषक प्रशिक्षण सह नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा नरवाई प्रबंधन पर कृषकों से परिचर्चा करते हुये अत्याधुनिक मशीनों (बेलर, रेकर, चौपर) के द्वारा नरवाई से बंडल बनाने की प्रक्रिया तथा चयनित कृषकों के खेत में कृषि यंत्र/ट्रेक्टर द्वारा नरवाई प्रबंधन का प्रदर्शन किया जाये।

**इन स्थानों पर लगायें जायेंगे कृषक प्रशिक्षण शिविर**

उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया जिले में विकासखण्डवार कृषक प्रशिक्षण यथा दमोह के ग्राम इमलिया घाट में 06 मई, पथरिया में 08 मई, बटियागढ़ के ग्राम सिहेरा में 09 मई, हटा के ग्राम मुहरई में 11 मई, पटेरा के ग्राम देवरी रतन में 13 मई, जबेरा के ग्राम सिंग्रामपुर में 14 मई तथा तेन्दूखेड़ा के ग्राम हरई पांजी में 15 मई को कृषक प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे।

## गोपालपुर निवासी युवक की गौरीचक के अजीम चक के पास गोली मारकर हत्या

**मैथिली प्रसंग संवाददाता/ राजीव रंजन सिंह**

**संपतचक/पटना।** रविवार की सुबह गौरीचक थाना क्षेत्र के अजीम चक प्राथमिक विद्यालय के समीप पटना गया राजकीय राजपथ एक पर बाइक सवार अपराधियों ने बाइक सवार युवक को गोली मारकर हथियार लहराते फरार हो गया। गोली लगने से घायल युवक को गौरीचक पुलिस एवं स्थानीय लोग एन एम सी एच ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के सिरपत पुर निवासी गोरख राय का करीब 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार उर्फ चोचो के रूप में हुई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने उज्जैन होंडा के पास मृतक के शव को रखकर पटना गया राजकीय राजपथ एक को करीब 2 घंटे तक अवरुद्ध रखा। सूचना पर गौरीचक थाना, गोपालपुर थाना, रामकृष्ण नगर थाना की पुलिस एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 सत्यकाम घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा बूझकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा



मेडिकल कॉलेज भेज दिया। करीब 2 घंटे बाद यातायात सुचारू हुआ। पूछताछ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 सत्यकाम ने बताया वैज्ञानिक एवं तकनीकी मदद से एक टीम का गठन किया गया है जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस अपराधियों को पकड़ने हेतु छापेमारी करने में जुटी है।

## नाबालिग दो बच्चीयों को बाल विवाह होने से बचाया

**मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो/ कुणाल सिंह**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत बनिया पंचायत, गांव बनिया टोला (नगमतिया) में दो नाबालिग बच्ची जिनका उम्र क्रमशः 13 वर्ष और 15 वर्ष को दीप ज्योति कल्याण संस्थान औरंगाबाद के पहल से बचाया गया। इन दोनों बच्चीयों का शादी उत्तर प्रदेश के लड़कों के साथ 5/5/2024 को गुप्त तरीके से बांके बजार मंदिर शादी निर्धारित किया गया था। सामुदायिक सोसल वर्कर उपेंद्र दास और रितेश कुमार ने बताया कि,बाल विवाह के खिलाफ दीप ज्योति कल्याण संस्थान, औरंगाबाद जिला में बच्चों के लिए न्याय तक पहुंच परियोजना -2 के तहत कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से पिछले एक वर्ष से लगातार सक्रिय हैं, और समय-समय पर बाल विवाह के




खिलाफ जागरूकता और उचित कारवाई करते आ रहा है। अब तक कई बच्चों (लगभग 50 से अधिक) को बाल विवाह से बचाया जा चुका है । आगामी 10 मई अक्षय तृतीया को लेकर व्यापक सक्रियता के साथ जिले दीप ज्योति कल्याण संस्थान टिम सक्रिय हैं और इसी बिच 3 मई के रात्रि में बाल विवाह होने कि गोपनिय सुचना प्राप्त हुई कि मदनपुर क्षेत्र में दो नाबालिग बच्चों का शादी बांके बजार मंदिर (बांके बजार, गया) में 5/5/2024 को उत्तर प्रदेश के लड़कों के साथ किया जाएगा।

तड़के सुबह उपेंद्र दास और रितेश कुमार तथा दीप ज्योति कल्याण संस्थान औरंगाबाद ने मामले कि पुष्टी किया और इस होने वाले बाल विवाह के खिलाफ एक्शन लेते हुए बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी और पंचायत बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष पंचायत मुखिया को बीएसडब्ल्यू उपेंद्र जी द्वारा इस बाल विवाह के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराया गया तथा अन्य बाल हितधारकों को भी सुचना दिया गया।

बाल विवाह और बाल तस्करी के खिलाफ प्रशासन ने त्वरित और उचित समय पर उचित कार्रवाई करते हुए मामले कि पुष्टी किया और धटना स्थल पर जाकर परिजनों को बाल विवाह और बाल तस्करी के खिलाफ कानून और दुष्परिणाम तथा सजा के प्रावधान के बारे में बता कर इस होने वाले बाल विवाह और बाल तस्करी को रोका गया ।

प्रशासन के द्वारा बच्चों के घर पर दो चौकीदार और विकास मित्र को बहाल किया गया है ताकी किसी भी हाल में बाल विवाह नहीं हो ?और क्षेत्र में बाल विवाह के खिलाफ व्यापक माहौल बनें । प्रशासन के सक्रियता से इलाके में हड़कंप मच गया है।

## मुख्य समाचार

### सहार थाना में भोजपुर और आरवल एसडीएम और एसडीपीओ की संयुक्त बैठक

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, सहार/भोजुपर (दिलीप कुमार)।** सहार थाना परिसर में भोजपुर और आरवल जिला एसडीएम और एसडीपीओ और थानों की संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। बैठक में भोजपुर जिला के पीरो एसडीएम अनिल कुमार, पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह, सहार थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर दीपक



कुमार, अरवल जिला एसडीएम ओम प्रकाश सिंह,अरवल एसडीपीओ सुश्री कृति कमल,अरवल थाना इंस्पेक्टर मो अली साबरी के साथ संयुक्त में भाग लिया। बैठक में भोजपुर और आरवल की सहार सोन नदी सीमा वर्ती क्षेत्र को लेकर आपसी सामंजस्य स्थापित किया गया??। लोकसभा चुनाव को देखते हुए सीमा वर्ती क्षेत्र में एक दुसरे के क्षेत्रों के अप्राधियो का आदान-प्रदान और सूचना का आदान-प्रदान करने का निर्णय लिया गया। सीमा क्षेत्रों में अप्राधियो के आने जाने पर रोक लगाने के लिए लगातार वाहन जांच अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया।

### पुआल एवं सरसों की फसल में लगी आग,मौके पर दो अग्निशमन वाहन पहुंचकर पाया आग पर काबू

**मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)।** जिले के रफीगंज के ईटार पंचायत के शाहपुर गांव में किसान दिनेश यादव के खलिहान में आग लग गई। आगलगी की घटना मिलते ही दो अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया ।किसान दिनेश यादव ने बताया कि अचानक आग लग गई जिसमें 10 बीघा का पुआल का गांज,



20 बीघा सरसों का फसल जलकर राख हो गया। जिससे मुझे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आगलगी की सुचना मिलते ही औरंगाबाद से अग्निक सत्यम कुमार, खुशबू कुमारी , गृह रक्षक सिपाही रामशीष कुमार, रफीगंज से चालक साहिल आलम, सुजीत कुमार सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और ग्रामीण के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

### रफीगंज के सलेमपुर खैरी में जमीन विवाद को लेकर मारपीट में एक महिला घायल, तीन बने नामजद आरोपी

**मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)।** जिले के रफीगंज के सलेमपुर खैरी में मारपीट में अवधेश यादव की पत्नी सुगीया देवी घायल हो गई। घायल को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। घायल सुगीया देवी ने गांव के ही रामप्रवेश यादव, सिपिन कुमार एवं शिवरानी देवी को नामजद आरोपी बनाते हुए उल्लेख किया है कि मेरे घर में कोई नहीं थे। तभी उक्त लोग आए और गाली गलौज करते हुए पुरानी जमीन विवाद को लेकर मारपीट कर दिया। जिससे मैं घायल हो गई। थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सहार प्रखंड परिसर में महिलाओं के लिय शौच की व्यवस्था नहीं

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, सहार/भोजुपर (दिलीप कुमार)।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के वजह से दूर दराज से ब्लॉक में आए सबसे ज्यादा महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परिसर से पीछे एक शौचालय का निर्माण कराया गया था जिसमे साफ सफाई नहीं होने के कारण शौचालय एकदम जर्जर स्थिति मे है जिसमे शौच करना मुमकिन नहीं है। पदाधिकारियों के आखों के सामने ऐसा स्थिति बना रहना बहुत ही निंदनीय है। लगभग सैकड़ों महिला प्रतिदिन अपने अपने कामों से ब्लॉक आया करती है और और लाचार बस इधर उधर शौच करना पड़ता है।

### यात्री ठहराव भवन के लिए विधार्थी ने किया प्रदर्शन

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, नालंदा (राकेश कुमार)।** नालंदा हरनौत प्रखंड के गोसाई बीघा, खरूआरा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 20 फोर लेन पर बिहार नवनिर्माण संघ के विधार्थियो ने प्रदर्शन कर यात्री ठहराव भवन एवम सिंढी का मांग किया है। विधार्थियो एवम बिहार नवनिर्माण संघ के सचिव सह पैक्स अध्यक्ष श्री कौशल कुमार ने कहा कि बख्तियारपुर से रजौली जो फोर लेन पथ का निर्माण किया




गया है उस कारण पथ पर जो पहले से पेड़ था सभी को कटाई कर दिया गया है। जिस कारण गर्मी में राजमार्ग पर गाड़ी का इंतजार करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यात्री ठहराव भवन नही रहने के कारण वर्षात में भी लोगो को काफी कठिनाई होगा। इसलिए ग्राम गोसाई बीघा एवम खरुआरा गांव के पास बोदा पुल एवम ओवर ब्रिज के उत्तर दिशा में यात्री ठहराव भवन का निर्माण किया जाय साथ ही राजमार्ग पर चढ़ने के लिए सीढी का भी निर्माण किया जाय ताकि लोगो को आने जाने में सहूलियत हो।

### बिहार बोर्ड के तर्ज पर ली गई टेस्ट परीक्षा

**स्वामी परमहंस कोचिंग सेंटर में किया गया आयोजित**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, रोहतास (सोनु कुमार)।** प्रखंड क्षेत्र के संझौली में स्थित स्वामी परमहंस कोचिंग सेंटर में रविवार को टेस्ट परीक्षा आयोजित किया गया। बिहार बोर्ड के तर्ज पर परीक्षा ली गई इसकी जानकारी देते हुए स्वामी परमहंस कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर विवेक सर ने बताया कि जिस तरह से बिहार बोर्ड विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आयोजित किया जाता है ठीक उसी प्रकार से नौवीं,दशवी, ग्यारहवीं, बारहवीं का टेस्ट परीक्षा लिया गया। जिसमे वस्तुनिष्ठ प्रश्न की संख्या थी ओएमआर पत्र पर परीक्षा लिया गया।

### कार और बाइक की टक्कर से दो युवक हुआ गम्भीर रूप से घायल

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, रोहतास (सोनु कुमार)।** थाना क्षेत्र के आरा - सासाराम मुख्य सड़क मार्ग पर बैरी पेट्रोल पंप के समीप कार एव बाइक की टक्कर से दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया हैं। गांव में एक बर्थडे पार्टी से घूमकर बैरी पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डालवाने के लिए गया था। उसी बीच अचानक कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी बाइक सवार युवक गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया




। घायल युवक को पीएचसी में भर्ती कराया गया जहा डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया। घायल युवक चैता बहोरी गांव निवासी मनोज चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र रिशु पटेल एव राजेश चौधरी के 16 वर्षीय पुत्र झूलन कुमार बताया जाता हैं। कार को पुलिस ने जब्त कर थाना लाया हैं।

## संझौली क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य हुआ शुरू

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, रोहतास (सोनु कुमार)।**

संझौली प्रखंड क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य तेज गति से हो गया हैं। संझौली के मझौली रोड में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया गया। विघुत विभाग के अधिकारी ने बताया की ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाने के लिए उपभोक्ताओं को निरंतर जागरूक भी किया जा रहा हैं की स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाना अनिवार्य हैं। वे किसी के बहकावे में न आएं और मीटर लगाने वाली टीम के साथ



पूरा सहयोग करें। उपभोक्ता यदि प्रीपेड मीटर नही लगवाते हैं तो उनका बिल आना बंद हो जाएगा और बिल प्रक्रिया से बाहर निकल जाने के बाद उनका बिजली कनेक्शन अवैध हो जायेगा। इसके साथ ही आस पास के इलाकों में भी इंस्टालेशन का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। कहा की स्मार्ट प्रीपेड मीटर को अनिवार्य कर दिया गया है। इसे लगाने से मना करने वालो पर कानूनी कार्यवाई भी हो सकती हैं। कनीय अभियंताओ को हिदायत दी गई है कि उपभोक्ताओ के पास वे जाए यदि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उनके मन में कोई संशय है तो उसे दूर करें। इससे बिलिंग प्रक्रिया में राहत मिलेगी। स्मार्ट प्रीपेड मीटर का रिचार्ज करने पर ही बिजली आएगी।मौके पर उपस्थित अवधेश कुमार, जूनियर लाइन मैन धर्मेंद्र कुमार, अमित मिश्रा।

## औरंगाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक कंटेनर से 31 मवेशियों के साथ 6 तस्कर गिरफ्तार

**पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के 1960 के धारा 11 के तहत मामला दर्ज**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो/राजेश मिश्रा/कुणाल सिंह**

**औरंगाबाद।** जिले में रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस नें बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर से 31 मवेशियों के साथ 6 तस्कर को गिरफ्तार कर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा के तहत प्राथमिक की दर्ज करते हुए न्यायिक विरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारुण थाना को सूचना मिली कि वाहन संख्या वढ अळ2243 एक कंटेनर में मवेशियों को भरकर पश्चिम बंगाल बूचड़ खाने में ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते हीं पुलिस हरकत में आई और सूचना के सत्यापन के लिए जैसे ही बरुण ब्रिज के पास पहुंची तो पाया की एक कंटेनर बहुत तेजी से औरंगाबाद की तरफ जा रही है।



बारुण थाना के पुलिस के द्वारा उक्त वाहन को पीछा किया गया पुलिस को अपनी और आते देखकर पशु तस्करों के द्वारा कंटेनर वाहन की रफ्तार और तेज तेज कर दी गई और खतरनाक तरीके से वहां भगाते हुए अचानक पटना रोड में तस्करों के द्वारा कंटेनर को मोड़ दिया गया। उसके बाद पुलिस को शक और यकीन में बदल गया, तत्पश्चात दाउदनगर थाना को सूचित किया गया जिस पर दाउदनगर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भखरूआ मोड़ पर जाम लगाकर कंटेनर को पकड़ लिया गया। जप्त किए गए कंटेनर से कुल 31 मौसियो के साथ 6 तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।जिसमें मोहम्मद वसीम, दिनेश कुमार, मोहम्मद सारीक, मोहम्मद माजीद, राजा बाबू,गुलाम वाहिद सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले को गिरफ्तार कर दाउदनगर थाना कांड संख्या206/24 दिनांक 5/5/2024 भारतीय दंड विधान की धारा 279.379.413.414.429 एवं 120बी तथा बिहार पशु संरक्षण एवं सुधार अधिनियम 1955 की धारा 3.4 तथा 4श एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1996 की धारा 11 के तहत प्राथमिक की दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## बिहार में कांग्रेस बेहतर सीट जीतेगी: फुरकान अंसारी

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, समस्तीपुर(अर्णव आर्या)।**

समस्तीपुर में कांग्रेस के पर्यवेक्षक और पूर्व मंत्री फुरकान अंसारी ने कहा है कि जनता नरेंद्र मोदी और अमित साह का चेहरा टेलीविजन पर देख ऊब चुकी है। वह अब विकल्प की चाह में है। बिहार में कांग्रेस बेहतर सीट जीतेगी सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है। लोग स्वयं वोट देने के लिए आ रहे हैं इस चुनाव में भाजपा की विदाई तय है। पूर्व मंत्री फुरकान शनिवार को समस्तीपुर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अखिल भारती कांग्रेस कमेटी उन्हें दल के प्रत्याशी और घटके दलों से समन्वय कैसा चल रहा है। और पार्टी चुनाव कैसे जीतेगी। इस पर मंथन और तैयारी के लिए भेजा है। उन्होंने कहा कि यहा सभी घटकदलों से बेहतर समन्वय बनाकर कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होनें कहा कि पूरे देश के लोग अब कांग्रेस की ओर देख रहे हैं।

**पप्पू यादव कांग्रेस के नेता**

बिहार पर्यवेक्षक ने कहा कि पूर्णिया से चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव कांग्रेस के नेता है। अगर वो चुनाव जीत जाते हैं तो वह कांग्रेस के साथ रहेंगे। पूर्व में राजद द्वारा वहां




उम्मीदवार घोषित कर दिया गया था। जिस कारण कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया, लेकिन वह कांग्रेस के साथ ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में राहुल गांधी के साथ ही प्रियंका गांधी के कार्यक्रम को लेकर बात चल रही है।

**'सरकारी संस्थाओं को ध्वस्त करने का एजेंडा'**

इस मौके पर हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ० रतनलाल ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार को संविधान में कोई आस्था नहीं है संविधान और सरकारी संस्थाओं को ध्वस्त करने का एजेंडा पर चल रही है विगत 10 साल में जुमला बाजी और संवैधानिक संस्थाओं को ध्वस्त करने का ही काम किया गया है। मौके पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष प्रवीण कुशवाहा, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मो अबू तमीम, कोषाध्यक्ष नीरज राय, उपाध्यक्ष मिथिलेश पोद्दार, महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, सोनी पासवान, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष देविता कुमारी गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद सिंह, बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव मो मोहिउद्दीन, सलमान सिद्दीकी आदि लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्र के निर्माण के लिए मतदान जरूरी: एस0 के0 मंडल

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, समस्तीपुर(अर्णव आर्या)।**

एस० के० मंडल ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूशन्स के अध्यक्ष राज्य के मदान जिक्षाविद् श्री एस० के० मंडल ने मतदाता जागरूकता अभियान प्रारंभ किया। उन्होंले सभी देशवासियों से अपील किया कि एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण के लिए लोकतंत्र का इस महान पर्व में देश के सभी नागरिक को मतदान में भाग लेना जरूरी है। मतदान सभी व्यक्ति



का स्वंय का अधिकार है। लोकतंत्र को पूर्ण रूप से मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि देश के सभी नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग प्राथमिकता से करें। खासकर देश के युवाओं से उन्होंने ने अपील किया कि खुद का मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपने घर के बुजुर्गों और पास-पड़ोस के बुजुर्गों को मतदान केन्द्र तक ले जाने में सहयोग करें। श्री मंडल ने बताया कि अपने सभी सहयोगी के साथ मताधिकार का प्रयोग करने हेतु यह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का प्रारंभ किया हूँ और यह कार्यक्रम 30/05/2024 तक चलेगा।

## छात्राओं के बीच सेमिनार आयोजित कर महिलाओं में होने वाली रोग के बारे में दी गयी जानकारी

**मैथिली प्रसंग संवाददाता/ अखिलेश कुमार दांगी**

**गया।** शेरघाटी शहर के मातृका महिला सवास्थ्य केंद्र में रविवार को होप फाउंडेशन की ओर से एक सेमिनार आयोजीत किया गया। कार्यक्रर्म के दौरान होप फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि इसमें मुख्य रूप से महिलाओं से संबंधित बीमारियों को लेकर जानकारी दी गयी।उक्त हॉस्पिटल की चिकित्सक प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.विद्या ज्योति ने ग्लोबल इंग्लिश सेंटर के छात्राओं के साथ महिलाओं से संबंधित रोगों को लेकर विचार विमर्श किया।होप फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकत अली ने डॉ.विद्या ज्योति को बुके



देकर सम्मानित किया एवं ग्लोबल इंग्लिश सेन्टर के बच्चो की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर महिलाओं को महिला रोग से संबंधित अगर कोई भी परेशानी हो तो तुरंत अपने नजदीकी डॉक्टरों से सलाह लें।उन्होंने बताया के शिक्षा स्वास्थ्य जागरूकता एवं दहेज मुक्त समाज के लिए अभियान चलाया जा रहा है।और आगे व्यापक रूप से समाज के उत्थान के लिए काम किया जाता रहेगा।वहीं ग्लोबल इंग्लिश सेंटर के संचालन वसीम खान ने बताया कि होप फॉउंडेश के बैनर तले समाज के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है जो सराहनीय है।ग्लोबल इंग्लिश सेंटर के छात्राओं ने प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.विद्या ज्योति से महिलाओं के रोग से संबंधित अनेको प्रश्न किए।अंत मे केक हॉस्पिटल स्टाफ एवं उक्त स्पोकेन सेंटर के छात्राओं ने केक काटकर कार्यक्रम का समापन किया।

## सामान्य प्रेक्षक ने प्रशिक्षण केन्द्र व ई.वी.एम कमीशनिंग सेन्टर का किया निरीक्षण

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दरभंगा (दिगम्बर कुमार ठाकुर/ नीरज कुमार साह)।**

लोकसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली की ओर से दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. जोगा राम ने रविवार को प्लस 2 एम.एल. एकेडमी, लहेरियासराय, प्रशिक्षण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान द्वितीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें मतदान पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के अद्यतन दिशा-निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए



अपने दायित्वों का निर्वाह्न करने का निर्देश दिया।

तत्पश्चात प्रेक्षक महोदय द्वारा 83- दरभंगा तथा 85- बहादुरपुर के लिए कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा में बनाये गए कमीशनिंग व डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण करते हुए जल्द से जल्द आवश्यक तैयारी को पूर्ण करने का निर्देश मौके पर उपस्थित पदाधिकारी को दिए। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक के लाइजनिंग ऑफिसर प्रांजल गुप्ता के साथ-साथ अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी दरभंगा की अध्यक्षता में मतदान अधिकारियों का हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दरभंगा (दिगम्बर कुमार ठाकुर/ नीरज कुमार साह)।**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को पारदर्शी, स्वतंत्र, भयमुक्त ,निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण वातावरण में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए 06-मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए समान्य प्रेक्षक श्रीमती कनिका वाली,एम .और जिला निर्वाचन अधिकारी दरभंगा श्री राजीव रौशन के निदेर्शानुसार जिला सूचना



एवं विज्ञान पदाधिकारी श्री राजीव कुमार झा के द्वारा दो विधानसभा क्षेत्रवार मतदान अधिकारियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। 06-मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 86-केवटी तथा 87-जाले विधानसभा के पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारीयों तथा माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय नियुक्ति पत्र का द्वितीय रेंडमाइजेशन एनआईसी दरभंगा में किया गया। द्वितीय रेंडमाइजेशन के समय अपर समाहर्ता आपदा,उप निदेशक सूचना एवं जन संपर्क,सहायक निर्वाचन अधिकारी,उप निर्वाचन अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा की जांच निर्धारित तिथि के अनुसार कराना है: राजीव रौशन

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दरभंगा (दिगम्बर कुमार ठाकुर/ नीरज कुमार साह)।**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी दरभंगा श्री राजीव रौशन के आदेश के आलोक में 14-दरभंगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी अभ्यर्थीयों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा की जांच निर्धारित तिथि के अनुसार कराना है।

निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 14-दरभंगा लोकसभा आम निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थीयों का व्यय पंजी का निरीक्षण किया जाता है।

सम्पूर्ण प्रचार अवधि के दौरान व्यय पंजी को कम-से-कम तीन वार निजी रूप से या अपने निर्वाचन एजेंट के द्वारा चुनाव के दौरान किये गये चुनाव खर्च का मिलान अभ्यर्थी व्यय पंजी एवं अभ्यर्थी सैडो पंजी का अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय एवं लेखा कोषांग के लेखा पदाधिकारी के समक्ष किया जाना है।

द्वितीय जांच कि तिथि 07.05.2024 एवं तृतीय जांच कि तिथि 11.05.2024 निर्धारित कि गई है। निर्धारित समय 10 बजे पूर्वाहन से 05 बजे अपराह्न है। निर्धारित लेखा निरीक्षण का स्थान कार्यालय राज्य कर अपर आयुक्त, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा,

अतः आप सभी 14-दरभंगा लोक सभा आम निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि समय एवं स्थान पर स्वयं या घोषित अधिकृत प्रतिनिधि या एजेन्ट के माध्यम से अपने लेखा की जांच करवाना सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि लेखा जांच में विफल रहने पर अथवा उपस्थित नहीं होने की स्थिति में निर्वाचन आयोग के प्रावधानानुसार विधिसम्मत कारवाई की जायेगी।